प्राप्य उद्देश्यों पर आधारित प्रश्नों का निर्माण
(Framing of Objective Based Questions)

उद्देश्य 1. ज्ञान (Knowledge)

छात्र को इस योग्य बनाना कि वह वैज्ञानिक तथ्यों, पदों, सम्बन्धों, प्रत्ययों, प्रविधियों एवं सिद्धान्तों का ज्ञान प्राप्त कर सके।

व्यवहार : (Behaviours or Specifications) :

A. वह पदों, तथ्यों आदि की पहचान कर सकता है।

B. वह पदों, तथ्यों आदि को पुनः स्मरण कर सकता है।

C. वह पदों, सिद्धान्तों आदि के उदाहरण दे सकता है।

D. वह पदों, प्रत्ययों, सिद्धान्तों आदि की परिभाषा अपने शब्दों में दे सकता है।

E. वह परिभाषाओं अथवा व्याख्याओं में त्रुटियों को ढूँढकर उनको दूर भी कर सकता है।

F. वह दो वस्तुओं के अन्तर (discrimination) को स्पष्ट कर सकता है।

G. वह संकेतों (Symbols) की व्याख्या तथा निरूपण (representation) कर सकता है।

H. वह संकेतों को मौखिक रूप (verbalise) में भी प्रस्तुत कर सकता है।

I. वह तथ्यों, सिद्धान्तों के आधार पर साधारण निष्कर्ष भी निकाल सकता है।

Scanned with CamScanner

उद्देश्य 2 : अवबोध (Understanding)

विद्यार्थी को इस योग्य बनाना कि वह वैज्ञानिक तथ्यों, पदों, सम्बन्धों, प्रत्यय, सूत्रों, प्रविधियों, संकल्पनाओं एवं सिद्धान्तों आदि को समझ सके।

व्यवहार (Behaviours or Specifications) :

A. विद्यार्थी उदाहरण देता है।

B. विद्यार्थी त्रुटियों का पता लगा लेता है।

C. विद्यार्थी सम्बन्धों का पता लगा लेता है।

D. विद्यार्थी वैज्ञानिक संकल्पनाओं, नियमों आदि की तुलना कर लेता है।

E. विद्यार्थी वर्गीकरण कर लेता है।

F. विद्यार्थी परिणामों की जांच कर लेता है।

उद्देश्य 3 : अनुप्रयोग (Application)

छात्र को इस योग्य बनाना कि वह प्राप्य वैज्ञानिक ज्ञान का प्रयोग अपनी दैनिक जीवन सम्बन्धी नवीन परिस्थितियों में कर सके।

व्यवहार (Behaviours or Specifications) :

A. वह ज्ञात एवं अज्ञात का पता लगा सकता है तथा दोनों में सम्बन्ध स्थापित कर सकता है।

B. वह आँकड़ों की उपयुक्तता को समझ सकता है।

C. वह आँकड़ों (data) के सम्बन्ध को समझ लेता है।

D. समस्या को हल करने के लिये वह तथ्यों, प्रविधियों, प्रत्ययों एवं सिद्धान्तों आदि की पहचान व पुनः स्मरण कर सकता है।

E. वह उत्तर का अनुमान लगा सकता है।

F. वह उचित विधि व सिद्धान्त का चयन करता है।

G. वह समस्या का हल ठीक प्रकार से करता है।

H. वह अपने उत्तर की जाँच कर सकता है।

Scanned with CamScanner